14.04-1/2 hrs.

Title: Need to provide stoppage of Gonda Agra Fort Gokul Express at Bichhia railway station, U.P.-Laid.

श्री पद्मसेन चौधरी (बहराइच): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर चलने वाली रेलगाड़ी 5315/5316 गोन्डा-आगरा फोर्ट गोकुल एक्सप्रेस का ठहराव मिहिनपुरवा से तिकोनिया स्टेशन के बीच 70 किलोमीटर की दूरी में कहीं नहीं है। बिछिया स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। यहां पर सेन्ट्रल स्टेट फार्म, पोस्ट ऑफिस, टेलीफोन ऑफिस, पुलिस स्टेशन आदि सरकारी कार्यालय हैं। यहां से बड़ी संख्या में यात्रियों का आना जाना लगा रहता है। यह गाड़ी मीटर गेज पर चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ी है। इस गाड़ी का ठहराव मध्य में स्थित बिछिया स्टेशन पर करने से गति पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि छोटी लाइन पर चलने वाली गाड़ियों की गति अधिक नहीं है। बिछिया के यात्रियों के लिये तिकोनिया स्टेशन पर जाकर गाड़ी पकड़ना तथा आना जाना न तो सुरक्षा की दृटि से निरापद है और न ही सड़क का यातायात ऐसा है कि सुविधापूर्वक आवागमन हो सके।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में बिछिया स्टेशन पर गोकुल एक्सप्रेस का ठहराव (बिछिया स्टेशन पर करने के संबंध में) हर आवश्यक निर्देश देने का कट करें।

*** Treated as laid on the table**